UTTARAKHAND

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रामनगर (नैनीताल

## Office of The Executive Engineer,CD.PW.D Ramnagar

E-Mail:- eecdrmr@rediffmail.com

पत्रांक 917 /23 सी0 दिनांक 21/05/2025

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
रामनगर वन प्रभाग
रामनगर।

विषयः– मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 93/2015 के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र नैनीताल में अमोठा से डोला हाईस्कूल तक लिंक मार्ग का नव निर्माण।

सन्दर्भः– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून का पत्रांक 8बी0/यू0सी0पी0/06/29/2021/एफ0सी0/620 दिनांक 26.08.2021

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित विषयक लगाई गई आपत्तियों का निराकरण निम्नप्रकार हैः–

| क्र0सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | बिन्दु सं0 1 तथा 2 के प्रतिउत्तर में प्रस्तुत स्पष्टीकरण अपूर्ण प्रतीत होता है क्योंकि न ही के0एम0एल0 फाईल पर गांवों की स्थिति अंकित की गई है न ही आवश्यक दस्तावेजों जैसे लाईन मैप, के0एम0एल0 पर गांवों–अमगढ़ी, पाटकोट की स्थिति, वर्तमान मार्ग का समरेखन इत्यादि द्वारा इस तथ्य को पूर्णतः स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्त गांवों से लोगों को कोटाबाग ब्लॉक तक आने के लिए 17.00 किमी0 कम दूरी की आवश्यकता क्यों है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि इस पर अपना स्पष्ट प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें तथा के0एम0एल0 फाईल पर गांवों अमगढ़ी–पाटकोट की स्थिति, वर्तमान मार्ग का समरेखन इत्यादि की स्थिति दर्शित कर ऑनलाईन अपलोड करें। | के0एम0एल0 फाईल पर गांवों अमगढ़ी– पाटकोट की स्थिति दर्शित कर ऑनलाईन अपलोड कर दी गयी है। वर्तमान सबसे दूरस्त गांव अमोठा के ग्रामवासियों को अपने ब्लॉक कोटाबाग जाने के लिए वाया रामनगर ब्लॉक होकर जाना पड़ता है, जिस कारण उन्हें 67 किमी0 की दूरी तय करनी पड़ती है। अमोठा से डोला हाईस्कूल तक मार्ग निर्मित होने के पश्चात इन ग्रामवासियों को 17.40 किमी0 में ही कोटाबाग ब्लॉक की संयोजकता प्राप्त हो जायेगी। इस प्रकार 49.60 किमी0 की दूरी इस मार्ग के निर्माण होने से ग्रामवासियों को कम तय करनी पड़ेगी। (लाईन प्लान संलग्न) |
| 2 | बिन्दु सं0 4 के प्रतिउत्तर में यह सूचित किया गया है कि सी0ए0 क्षेत्र प्रस्तावित दोनों प्रकरणों के लिए पृथक–पृथक हैं किन्तु यथानुसार के0एम0एल0 फाईल को संशोधित नहीं किया गया है तथा अभी भी पूर्व की ही भाँति प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/40832/2019 के सी0ए0 क्षेत्र के साथ ओवरलेपिंग दर्शित हो रही है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि प्रस्तावित सी0ए0 क्षेत्र को के0एम0एल0 फाईल पर संशोधन कर पुनः अपलोड करें। | प्रस्तावित सी0ए0 क्षेत्र को के0एम0एल0 फाईल पर संशोधन कर पुनः अपलोड कर दी गयी है। |

अतः सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्न–लाईन प्लान व संशोधित
के0एम0ए0 फाईल

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक / 23 सी0 दिनांक / 05/2025

प्रतिलिपि :–अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो0नि0वि0 नैनीताल को उपरोक्त सन्दर्भित क्रम में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
रामनगर (नैनीताल)